**खबर संक्षेप**

## शतप्रतिशत बैगा परिवारों तक पहुंचाएं शासन की योजनाएं-श्रेयांश कूमट

**मण्डला।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करें। आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शतप्रतिशत बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। श्री कूमट ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए क्लस्टर स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी नोडल अधिकारी आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण करें तथा पटवारी, सचिव, जीआरएस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले के सहयोग से सर्वे की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करें तथा शासन की योजनाओं से वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार कर उन्हें लाभ दिलाने की कार्यवाही करें। प्रदाय किए जाने वाले व्यक्तिगत लाभों की चर्चा करते हुए प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि सर्वे के दौरान बैगा परिवारों को स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की जानकारी संकलित करें तथा जिन परिवारों को आवास स्वीकृत नहीं हुआ है उनके पंजीयन तथा जियो टैगिंग की कार्यवाही करें। शतप्रतिशत बस्तियों में पेयजल सुनिश्चित करें, आवश्यकतानुसार डीपीआर तैयार करें। इसी प्रकार प्रत्येक परिवार को बिजली उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार समुदायिक लाभों के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, हॉस्टल आंगनवाड़ी आदि केन्द्रों के लिए भी निर्देशानुसार कार्यवाही करें। श्री कूमट प्रत्येक व्यक्ति के आधार कार्ड, जनधन खाता तथा जाति प्रमाण पत्र की उपलब्धता के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उपार्जन की समीक्षा करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्रेयांश कूमट ने निर्देशित किया कि उपार्जन में गुणवत्ता का ध्यान रखें। संबंधित अधिकारी सघन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने उपार्जित धान के परिवहन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मध्यान्ह भोजन के खाद्यान्न तथा पोषण आहार का अगले 2 दिवस में शतप्रतिशत उठाव पूर्ण कराएं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लगने वाले स्टॉल तथा स्वास्थ्य शिविरों को परिणामदायक बनाएं। श्री कूमट ने सीएम हेल्पलाइन, टीएल प्रकरण तथा अंतर्विभागीय विषयों पर भी आवश्यक निर्देश दिए।

## बबेहा पुल में रैलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरी कार

# पानी के अंदर वाहन में 2 की मौत

*** पहले भी हो चुका है इस तरह का हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जबलपुर नेशनल हाइवे 30 में मंगलवार की दोपहर एक बार फिर एक कार अनियंत्रित होकर बबैहा पुल के नीचे नदी में गिर गई। वाहन में सवार चार युवक सवार थे। टिकरिया थाना क्षेत्र में बबैहा पुल पर कार अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरी। घटना में कार का ड्राइवर नारायण तुमराची और बलवेंद्र मसराम सुरक्षित निकल आए। वहीं सियाराम कोरचे 20 वर्ष और धनेश मरावी 26 वर्ष कार समेत गहरे पानी में डूब गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर डायल 100 और कोतवाली मंडला पुलिस और टिकरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को कार से बरामद किया गया। नदी की गहराई डूबी कार को निकालने के लि क्रेन की मदद ली गई। जिसके बाद दोपहर करीब 03 बजे क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। टिकरिया पुलिस ने इस हादसे पर मर्ग कायम करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। हादसे की जांच की जा रही है।

बताया कि क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त इनोवा कार क्रमांक एमपी 20 पीए 4095 को नदी से निकाला गया। वहीं वाहन दोनों युवक के शव भी थे, जिन्हें वाहन से बाहर निकाला गया। मृतक में सियाराम कोरचे 20 वर्ष पिता चुन्ना लाल एवं धनेश मरावी 26 वर्ष पिता मंगल सिंह मरावी बताया गया है। इसके साथ ही घटना में कार ड्राइवर नारायण तुमराची पिता जगदीश एवं बलवेंद्र मसराम पिता स्व तुलसी राम मसराम वाहन का कांच तोड़कर बाहर सुरक्षित निकल आए थे। सभी कार सवार बीजाडांडी थाना के ग्राम बरघा बटई पंचायत कटंगी निवासी बताए गए हैं।





### मौके पर पहुंची पुलिस

घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा डायल 100 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बता दे कि नदी में पानी अधिक होने के कारण कार का पता नहीं चल पाया है, रेस्क्यू अभियान जारी रहा। करीब ढ़ाई घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू अभियान में सफलता मिली। रेस्क्यू में वाहन समेत दोनों युवकों के शव को बरामद किया गया।

### पुल पर लगी भीड़

इस घटना की जानकारी आग की तरह आसपास क्षेत्रों समेत पूरे जिले में फैल गई। घटना स्थल बबैहा पुल पर लोगों का जमावाड़ा लगना शुरू हो गया। बड़ी संख्या में बबैहा पुल के आसपास लोगों का जमावाड़ा लगा रहा। वहीं पुलिस दल भी मौके पर पहुंचा। जहां भीड़ को अलग करते हुए हाईवे के यातायात में व्यवधान नहीं आने दिया।

## हाईवे जाम करना पड़ा महंगा



*** 17 नाम जद समेत अन्य 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर में कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्र मौसम साहू पिता देवेंद्र साहू निवासी करियागांव को विगत 23 दिसंबर की सुबह लगभग 9.45 बजे एक कार चालक ने माधोपुर बाईपास में टक्कर मार दी गई थी। इस हादसे में छात्रा को गंभीर चोटें आई थी। घायल छात्रा को जिला चिकित्सालय मंडला में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने माधोपुर बाईपास में फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग को लेकर नेशनल हाईवे 30 में जाम लगा दिया था। जिससे घंटो आवाजाही अवरूद्ध रही।

चौकी प्रभारी शक्ति सिंह यादव ने बताया कि राजस्व व पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आम रास्ता जाम न करने और अपनी मांग उचित फोरम पर रखने की समझाइए दी गई थी लेंकिन ग्रामीण समझाईस के बाद भी जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। जिससे लगभग तीन-चार घंटे हाईवे जाम की स्थिति बनी रही। हाईवे जाम के कारण माधोपुर के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके कारण आम जन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

अंजनियां पुलिस द्वारा वाहन दुर्घटना के मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन चालक के विरुद्ध छात्रा के पिता देवेंद्र साहू की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। लेकिन ग्रामीणों ने लगातार हाईवे जाम रखा। अंजनियां पुलिस द्वारा हाईवे जाम के दौरान शामिल 17 नाम जद आरोपी सोनू मिश्रा, माधवराणा पटेल, नरेश, छन्नू पटेल, आनंद शुक्ला, अन्नू तिवारी, श्रीराम पटेल, अंकित सोनी, अमित सोनी, भुवनेश्वर पटेल, विष्णु ढीमर, अमन पटेल,अभिषेक सोनी सभी निवासी माधोपुर दिलीप यादव निवासी सुकतरा, अजीत पटेल, रामलाल सैयाम निवासी करियागांव, रामकुमार कछवाहा व 10 अन्य लोगों पर धारा 341, 149, 186 भारतीय दंड विधान के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### बैठक में की गई मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्रस्तावों पर चर्चा

**मण्डला।** जिला योजना भवन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन के प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर सहमति प्राप्त की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, लिपिक सीके तिवारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विधायक चैनसिंह ने की टूर्नामेंट की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के बड़े टूर्नामेंट में एक मुगदारा में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को आगाज हो गया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे निवास विधानसभा के विधायक चैन सिंह वरकड़े, अखिलेश कछवाहा, रंजीत ऊईके के साथ ही बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधि शामिल हुए। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उद्घाटन मैच आजाद 11 टिकरिया एवं एंगल स्पोर्ट्स क्लब बालपुर घंसौर के बीच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन किया गया।

जिसमें एंगल स्पोर्ट्स क्लब नेट टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और बल्लेबाजी के लिए आजाद 11 टिकरिया को आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आजाद 11 टिकरिया ने निर्धारित 12 ओवर में 67 रन बनाए, 67 रनों के जवाब में खेलने उतरी एंगल स्पोर्ट्स क्लब 52 रनों पर ऑल आउट हो गई और प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में 15 रनों से आजाद 11 टिकरिया ने जीत दर्ज की। मैच में आजाद 11 टिकरिया के गौरव को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने तीन ओवर में 11 रन देते हुए चार विकेट झटके।

गौरतलब है कि इस बार यहां विजेता टीम को 3.51 लाख एवं उपविजेता टीम को 1.51 लाख रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार बम्हनीबंजर के समीपी ग्राम मुगदरा में 25 सितंबर 2023 से देश की चिन्हांकित क्रिकेट प्रतिभागी टीमों की उपस्थिति में आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शासन से पंजीकृत संस्था रेवांचल स्पोर्ट्स समिति मुगदरा के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजेश पटेल और मीडिया प्रभारी सावन सिंह ठाकुर ने बताया कि क्रिकेट के बढ़ते पायदानों और युवाओं का रुझान को देखते हुए यहां पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसमें देश की चिन्हांकित लगभग 66 क्रिकेट टीमों को आमंत्रित किया गया है। यहां पर सहभागिता कर रही विजेता टीम को 3 लाख 51 हजार रुपए, उपविजेता टीम को एक लाख 51 हजार रुपए, मैन ऑफ दा सीरीज 31 हजार रुपए के अलावा एक ही ओवर में 6 छक्के लगाने पर टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल पुरस्कार में दिया जाएगा। यहां पर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क राशि 5 हजार रुपए रखा गया है। सभी खेल प्रेमियों को यहां पर आयोजित आल इंडिया ओपन चैलेंज टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में सादर आमंत्रित किया गया है।

## सबका साथ सबका विकास के नारे को जनकल्याणकारी योजनाओं से किया सार्थक-कुलस्ते

*** विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बुला लपटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



सरकार की योजनाओं को क्षेत्र में घर-घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान के तहत विधानसभा बिछिया के ग्राम पंचायत लपटी, बुला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सोमवार को केंद्रीय पंचायत ग्रामीण विकास, एवं इस्पात राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते शामिल हुए। जिसमें केंद्र सरकार की सभी जनोपयोगी योजनाओं के शिविर लगाए गए हैं. जिसमें विभाग संबंधी सभी जानकारियां देते हुए योजनाओं का लाभ लेने पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिये गए। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लगाये जाने वाले शिविर केन्द्र सरकार के जनोन्मुखी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किये जाने का अभियान है। मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास के नारे को अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से सार्थक कर दिया है। कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि,और बड़ी संख्या में जनता उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** | **आज खेला गया नैनपुर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का फाइनल**

# विजेता-उपविजेता के साथ तीसरे स्थान का निर्णय

*** विजेता को मिलेगा 30000 रूपये का ईनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर




नैनपुर क्रिकेट लीग समिति के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 16 12 2023 को नगर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष एवं साथी पार्षद के द्वारा किया गया था इस टूर्नामेंट में नगर के युवाओं को अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का मौका मिला एवं निरंतर खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपने उज्जवल भविष्य को संवारने का मौका दिया गया।

इस टूर्नामेंट में नगर के लगभग प्रत्येक वार्ड से युवाओं ने हिस्सा लिया एवं सभी टीमों में टूर्नामेंट के प्रतिभ भारी उत्साह देखने को मिला लीग मैचों में सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया किसी को हार का सामना करना पड़ा तो किसी के सर जीत का सेहरा सजा।

इस टूर्नामेंट का विशेष तब रहा जब टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव में पहुंचा जहां पहला सेमीफाइनल वार्ड नंबर 8 विक्ट्री मार्क्स और वार्ड नंबर 13 रेलवे बॉयज के बीच हुआ जिसमें विक्ट्री मार्क्स ने 50 बॉल में 79 रन बनाकर 80 रन का लक्ष्य दिया जिसमें रेलवे बॉयज में 50 बॉल में 56 बना पाई दूसरा सेमीफाइनल वार्ड नंबर 15 हंटर्स 11 और वार्ड नंबर 6 महाराणा प्रताप के मध्य खेला गया जिसमें हंटर्स 11 ने 50 बालों में 96 रन लक्ष्य दिया इस मैच में महाराणा प्रताप ने 45 गेंद में इस लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल कर ली वही इस टूर्नामेंट को मिली दो फाइनल टीमें में वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 6 तीसरे स्थान के लिए वार्ड नं 15 और वार्ड नं 13 के बीच खेला गया जिसमें वार्ड नं 13 ने जीत हासिल की समिति द्वारा 7000 एवं ट्राफी दिया गया फाइनल मैच वार्ड नं 06 और वार्ड नं 08 के बीच खेला गया जिसमें वार्ड नं 08 ने 50 बॉल में 110 रन का लक्ष्य वार्ड 06 को दिया जिसमें 50 बॉल में 55 रन बना पाई वार्ड नं 08 विक्ट्री मेकर्स 55 रन से विजय हासिल कर पाई समिति द्वारा विजय टीम को 30000 एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम 15000 एवं ट्रॉफी, मैन ऑफ द मैच राज लोधी, बेस्ट बेस्ट मैन यशवंत चौटेल, बेस्ट बॉलर दीपेंद्र सिंह, बेस्ट विकेट कीपर दिनेश यादव, मैन ऑफ द सीरीज़ सुधांशु ठाकुर।

प्रियंका मंडल डी एम ओ, कृष्ण पंजवानी नगर पालिका अध्यक्ष, विमलेश सोनी, विनय नामदेव, सत्येंद्र तिवारी, प्रांजल खंडेलवाल, हसन, नीरज सोनी, समीर उइके, बबलू ठाकुर, रूपम श्रीवास्तव, रमेश बिरहा, मनीष बागडे, आशीष शरणागत, अमन नामदेव समिति सदस्य प्रशांत रॉबर्ट, राजू ठाकुर, संशू पीपरे, रॉबिन सैमुअल, विशाल, मार्सकोले, अंकित धुर्वे, अंश यादव, अमन विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, नंदू रैकवार, निक्की नाग, नितिन समुद्रे, राज लोधी, प्रद्युम शर्मा, सागर बर्मन, सागर यादव, नीलेश रसिक,स ंजीव पांडे, शेंकी नारंग, नरेश धुर्वे, भावेश श्रीवास्तव, शालू अली, अनुज अवाधिया, गौरव रैकवार, विपिन चौरे, अमन खंडेलवाल, अंशु राजपूत, आकाश धार्वे, यशवंत नाग, अंश खंडेलवाल, दिनेश यादव, वसीम खान, बलवंत राजपूत, अमित चौहान, नितेश बिरहा, चंदन निर्मल, मोहित झरिया, अनिरुद्ध मुदियार, नितिन ठाकुर उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म के लिए मील का पत्थर बना अष्टलक्ष्मी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय से लगे देवदरा के मेहर बाबा कुटी प्रागंण में 17 दिसंबर से आयोजित श्री अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा का 25 दिसंबर को समापन किया गया। 15 दिसंबर को जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारका शारदा पीठ ने इस महायज्ञ की शुरूआत की थी उन्होंने यहां पर एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम ब्रम्हा परमेश्वर से इस यज्ञ के सफल होने की कामना की थी। वहीं समापन के अंतिम दिवस प्रातः काल से ही श्री अष्टलक्ष्मी यज्ञ का पूजन आरंभ किया गया। जो दोपहर को पूर्णाहूति के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान पंडित रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने यज्ञ का महत्व बताया। उन्होंने कहां कि यज्ञ हमेशा विश्व कल्याण के लिए किए जाते हैं यह सनातन से चला आ रहा है। यज्ञ शब्द की उत्पत्ति युग धातू से हुई है जिसका तात्पर योग जोडना होता है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो धरती में गुरत्वाकर्षण के कारण जो भी उछाली जाती है वह वापस आ जाती है। देवता सूक्ष्म रूप से अंतरिक्ष में रहते हैं। हवन में जो आहूति डाली जाती है वह घूरम और ज्वाला के रूप में परिवर्तित हो जाती है जो अंतरिक्ष में जाती है वापस नहीं आती है। वही देवता को मिलता है। पंडित नीलू महाराज ने बताया कि मंत्रो से ऊर्जा शक्ति मिलती है। अब राम राज की स्थापना हो रही है भगवान राम राजा बन रहे हैं। फिर से लोग धर्म की और लौट रहे हैं। सनातन धर्म में यज्ञ श्रेष्ठ कार्य माना जाता है। उनका यह 53 वां यज्ञ है। देवदरा में आयोजित श्री अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ के लिए बनी यज्ञ शाला में 65 नदियों का जल रखा गया था। वहीं 35 तीर्थों की मिट्टी है जिसकी परिक्रमा कर लोग ने धर्म लाभ लिया। वहीं दोपहर को श्रीमद् भागवत महापुराण वाचन किया गया। जिसमें श्रीकृष्ण की लीलाओं का सार बताया गया कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में अन्नपूर्णा माता को नमन करते हुए कल्पतरू कल्पना माता ने देवी देवताओं का आव्हान किया और भव्य भंडारे को आरंभ कराया यहां पर हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की देर रात तक भंडारा चलता रहा। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ के अंतिम दिवस नर्मदा नंदगिरी जी महाराज अमरकंटक वाले, स्वामी नरसिंह दास जी महाराज नरसिंह मंदिर जबलपुर एवं स्वामी पंगलानंद जी महाराज दादा दरबार जबलपुर का आगमन हुआ। वहीं कथा स्थल में संत सम्मलेन और ब्राम्हण भोज भी कराया गया। उपस्थित संतो ने कहा कि धर्म की स्थापना और सनातन धर्म की रक्षा हर हिन्दू का कर्तव्य है। संत समाज ने गीता जयंती के आयोजन पर भी प्रशंसा की है। इस दौरान संत समाज का मंच से सम्मान किया गया। वहीं लगभग 200 सामाजिक लोगों का मंच से सम्मान हुआ उन्होंने सम्मान पत्र के साथ श्रीफल भी भेंट किया गया। कार्यक्रम आभार प्रगट समाजसेवी नीरज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस धार्मिक आयोजन में तन मन धन से सहयोग करने वाले सभी लोगों को वरदान आश्रम अंजनिया के प्रमुख और इस धार्मिक आयोजन के मुखिया कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### लोक निर्माण विभाग ने भ्रामक खबरों का किया खंडन

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग डिंडोरी ने बताया कि ष्नियमों को तक पर रख कराया जा रहा सड़क निर्माण लोग परेशानष शाहपुर-किशलपुरी सड़क मार्ग का मामलाष उक्त शीर्षक से प्रकाशित समाचार, तथ्यहीन एवं निराधार है। इस संबंध में वास्तविक वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए बताया है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद पुनः विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पाया गया वर्तमान में कार्य प्रगति पर है एवं विभागीय अधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। उक्त संबंध में प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित प्रसारित समाचार तथ्यहीन एवं निराधार है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के आवेदन 31 तक आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्याम से महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है।माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन केवल ऑनलाइन ही भरेंगे। विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल ीजजचरूध्ध्ू बीवसंतेीपचे.हवअ.पद पर सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए उपलब्ध दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की सलाह दी गई है।

### जिले में अब तक 285749.33 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेर्शानुसार किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पंजीकृत कृषकों से किया जा रहा है। जिले में अब तक 5711 पंजीकृत किसानों से 285749.33 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

#### ब्रिज की शुरुआत में ही जानलेवा गड्ढा से दुर्घटना की संभावना..?

# जोगीटिकरिया ब्रिज की टूटी रैलिंग और गड्ढे से वाहन चालक परेशान



### जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** अमरकंटक जबलपुर हाइवे मार्ग से प्रतिदिन सभी विभागों के आला अधिकारियों समेत सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है लेकिन जोगीटिकरिया ब्रिज की टूटी हुई रैलिंग और ब्रिज के शुरुआत में हुआ जानलेवा गड्ढा किसी को नजर नहीं आ रहा हैं।कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है।

### वाहन चालक हो रहे परेशान-

जबलपुर मार्ग पर जोगीटिकरिया स्थित नर्मदा ब्रिज पर पिछले कई दिनों से साइड में लगी सुरक्षा रेलिंग के टूट जाने से वाहन चालकों की परेशानियां बढ़ रही हैं। टूटी हुई रेलिंग के कारण हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। डिंडोरी- जबलपुर हाइवे पर पहले से ब्रिज बना हुआ है जो बरसात के मौसम में बाढ आने से क्षतिग्रस्त हो गया जिससे कई बार गाड़ियां असंतुलित हो जाती हैं व दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि मार्ग से दिन भर छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही रहती, जिसमे नर्मदा परिक्रमा के साथ साथ सवारी गाड़ी भी दिनभर निकलती है परंतु जिम्मेदार सूद लेने तैयार नहीं है ।

### कोहरा के कारण हो सकता है हादसा-

काफी दिनों से इसे नजर अंदाज किया जा रहा है। सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम कोहरे की चादर भी देखने को मिल रही है। ऐसे में पुल की टूटी रेलिंग और शुरुआत में रोड में गड्ढा की अनदेखी किसी बड़े हादसे को दावत देती दिखाई दे रही है।



# मोटे अनाज को लेकर किया गया जागरूक





### इरादा परियोजना' की जनपद स्तरीय बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** विगत दिवस जनपद पंचायत शहपुरा के सभाकक्ष में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत गणेश पाण्डे व सहायक कार्यक्रम अधिकारी नरेगा रावत के उपस्थित में शहपुरा विकास खण्ड में संचालित भारत-जर्मन विकास सहयोग परियोजना 'इरादा' जो महिला समिति छतरपुर द्वारा संचालित हैं 17 ग्राम. पंचायतों के 25 ग्रामों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ हुआ है। उन्हीं पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

'इरादा' परियोजना के टेनिकल पर्सन व रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के सक्रिय मेम्बर उज्ज्वल आभार महिला समिति के संचालक प्रदीप खरे द्वारा भारत जर्मन विकास सहयोग परियोजना के कार्यों उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। सी.ई.ओ पाण्डेय ने सरकार द्वारा विभिन्न आयमूलक योजनाओं के विषय पर प्रकाश डाला गया। इरादा परियोजना के सहयोगी संस्था- एन. आर० ई टी पी से मनोज बांगरे ने ग्रामों में गठित उत्पादक समूहों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर कृषि उपज का क्रय प्रक्रिया के बारे में, बैगा चक के एपीओ अंकित वर्मा ने मिलेट मोटा अनाज-कोदो कुटकी का पंजीकृत किसानों से खरीदी प्रक्रिया के बारे में समझाया गया।

कार्यक्रम के अंत में इरादा परियोजना द्वारा डिस्प्ले बोर्ड जनपद पंचायत सी० ई ओ० पाण्डेय के हस्ते भेंट किया गया कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के अलावा आजीविका मिशन के ब्लाक प्रबंधक चन्द्रवाल नागेश, सिजेन्टा संस्था से धनंजय, बैगा चक संस्था से अंकित वर्मा,जैविक खेती विषय विशेषज्ञ रामकुमारी हनुमंत, उत्पादक समूह से मनोज वांगरे, 'इरादा' परियोजना से देवेन्द्र पाठक की उपस्थित सराहनीय रही।

# मेंहदवानी मंडल के सभी बूथों में मनाया गया सुशासन दिवस

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मेंहदवानी के कठौतिया सारसडोली सहित मंडल के सभी बूथों में सोमवार को पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया । भारतीय जनता पार्टी मंडल मेहंदवानी के बूथ कठौतिया में मंडल महामंत्री सुदामा बर्मन के उपस्थिति में पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी तरह बूथ सारसडोली में रामस्वरूप साहू के नेतृत्व में सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान मंडल मीडिया प्रभारी बुद्धदेव साहू, दीपक साहू, तीरथ मरकाम, मानिक साहू, रामचरण, सन्तोष साहू, राजेश, अश्वनी साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# फाइनल मुकाबले में समनापुर ने पृथ्वी सेना को किया पराजित



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** वृक्षारोपण और जल संरक्षण को लेकर डिंडौरी जिले भर में पहचान बना चुकी पृथ्वी सेना चांदपुर के तत्वाधान में स्वर्गीय देविका शुक्ला स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम चांदपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें क्षेत्र के लगभग 70 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसका फाइनल मुकाबला समनापुर और पृथ्वी सेना के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में समनापुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 12 ओवरों में बल्लेबाज प्रतीक शानदार 54 रनों की अर्धशतकीय पारी और चंदू 50 रनों की अर्धशतकीय पारी के बदौलत समनापुर ने 168 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पृथ्वी सेना की तरफ से गेंदबाजी करते हुए बेटू और पंकज तिवारी ने 2, 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पृथ्वी सेना की शुरुआत काफी खराब रही। 27 रनों पर तीन विकेट गंवा चुकी पृथ्वी सेना की तरफ से बल्लेबाज जितेश शुक्ला ने 37 रन और अभिमन्यु ने 35 रन बनाए। लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके और पृथ्वी सेना को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा। समनापुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए प्रतीक और बंटी ने 2, 2 विकेट लिए। प्रतीक को शानदार अर्धशतक और 2 विकेट हासिल करने के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच पुरस्कार का खिताब प्रदान किया गया।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू व जिला मंत्री एडवोकेट निर्मल साहू के नेतृत्व में किसानों ने एकजुट होकर विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी (राजस्व) शहपुरा निशा नापित शर्मा को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के माध्यम से किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से मांग की है कि विकासखण्ड शहपुरा अन्तर्गत धान उपार्जन केन्द्र बरगांव जो कि दो दिवस से बंद है जिसे तत्काल चालू करवाए जाने की मांग की है जिससे कि क्षेत्र के किसान धान का विक्रय कर सके।

साथ ही उपार्जन केन्द्र बरगांव में सर्वेयर के द्वारा किसानों की फसल को अमानक घोषित करके परेशान किया जाता है तथा किसानों के धान को वापिस कर दिया जाता है ऐसे सर्वेयर के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने की भी मांग की है । ज्ञापन में बताया गया कि उपार्जन केन्द्र बरगांव में डीएसओ श्रीवास्तव के द्वारा किसानों को कहा गया कि मैंने बरगांव उपार्जन केन्द्र में खरीदी के लिये मना किया था इसके बाद भी किसान यहीं पर विक्रय करने लाते है। इस प्रकार से डीएसओ के मनमुताबिक कार्य न होने पर डीएसओ के द्वारा उपार्जन केन्द्र बरगांव की धान को अमानक घोषित किया जा रहा है जिससे किसान बेवजह परेशान होते हैं, ऐसे अधिकारी के विरूद्ध उचित कार्यवाही किया जावें। उपार्जन केन्द्र बरगांव की तरह किसानों के समक्ष उपार्जन केन्द्र शहपुरा, मानिकपुर, मेंहदवानी एवं जिले में संचालित समस्त उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जावें।

विकास खण्ड अमरपुर में कृषि विभाग ने सरकार द्वारा अनुदान में दी गई मिनीकिट जो कि निःशुल्क मसूर के पैकेट को किसानों को 200 रूपये में विक्रय किया गया है जो कि गलत है, ऐसे अधिकारी के विरूद्ध पृथक से कार्यवाही किया जावें। इसी प्रकार विकास खण्ड बजाग में कृषि विभाग द्वारा धान के बीज का विक्रय नहीं किया गया है जबकि स्टोर में लगभग 50 कट्टी रखी धान की बीज रखी है जिसमें घुन लग रही है। इन सभी मांगों का तत्काल निराकरण किए जाने की भारतीय किसान संघ ने बात कही है। मांगें पूरी नहीं किए जाने पर वृहद रूप से किसान आंदोलन की चेतावनी दी है। इस ज्ञापन कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल साहू, जिलामंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, शहपुरा तहसील मंत्री एडवोकेट लवकुश झारिया, ग्राम अध्यक्ष भूपत साहू, रवि साहू, बल्लू, अखिलेश साहू, मुन्ना,मनीश साहू, सिध्दू साहू आदि किसान रहे उपस्थित।

# जिले की सभी जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम हुये संपन्न





**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार को जिले की समस्त जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

# जिले के वरिष्ठ पेंशनर्स सम्मान से सम्मानित किए गए आर पी कुशवाहा



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** रविवार को आयोजित जिला पेंशनर समाज जिला डिंडोरी के द्वारा महासभा का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक कार्यों की योजना तथा विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। इसी परिपेक्ष में नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी के वरिष्ठ युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता आरपी कुशवाहा को पेंशनर्स समाज द्वारा जिले का सर्वोच्च पेंशनर्स सम्मान से सम्मानित किया गया तथा शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनके समाज सेवा तथा समस्त वर्गों के लिए किए जाने वाले कल्याणकारी कार्यों की सराहना किया गया । उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व डिप्टी सचिव मप्र विधानसभा डीपी दुबे, मेकलसुता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिहारी लाल द्विवेदी , जिला पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष जेपी गर्ग एवं अनेक वरिष्ठ जनो द्वारा सम्मानित किया गया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता फाइनल में भाखा ने बिजोरी टीम को दी मात

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** विकासखंड अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजोरी ग्राम पंचायत रामगढ़ स्वराज क्लब के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग दो दर्जन टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिजोरी ए एवं बिजोरी बी के मध्य खेला गया। बिजोरी ए ने बिजोरी बी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में भाखा की टीम ने रानी रामगढ़ की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। तदपश्चात फाइनल मुकाबला भाखा तथा बिजोरी ए टीमों के मध्य खेला गया। मुकाबले में भाखा की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। इस फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका द्वारका यादव एवं भारत यादव ने निभाई। स्कोरर की भूमिका लाला यादव तथा कॉमेंटेटर की भूमिका संतोष मरकाम, केजरीवाल मरकाम तथा मनीष गायकवाड़ द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रामगढ़ सरपंच वंदना ठाकुर, आयोजन समिति अध्यक्ष के एस तेकाम, संरक्षक योगी सिंह तेकाम, कोषाध्यक्ष टेक सिंह तेकाम, पत्रकार देव सिंह भारती सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्यों द्वारा विजेता टीम भाखा को 10 हजार रूपए नगद एवं ट्रॉफी, उप विजेता टीम बिजोरी को 5 हजार रुपए एवं ट्राफी तथा तृतीय विजेता टीम रानी रामगढ़ को 2500 रुपए नगद एवं ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आसपास गांवों के हजारों खेलप्रेमी भारी ठंड के बावजूद देर रात्रि तक मौजूद रह कर खिलाड़ियों का ताली बजाकर उत्साह वर्धन करते रहे।



## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार महिला मंडल का गठन



**करेली** । मंगलवार को सर्व स्वर्णकार कर महासंगठन के राष्ट्रीय जीवन सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी की अनुशंसा से सर्व स्वर्णकार महा संगठन प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमे सर्व स्वर्णकार महा संगठन में श्रीमती अर्चना सुरेन्द्र सोनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया श्रीमति श्रद्धा सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता आशीष सोनी प्रदेश सचिव, मुरारी लाल सोनी को वरिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष, रोशन सोनी (करेली) प्रदेश उपाध्यक्ष,डा राजेन्द्र सोनी प्रदेश संगठन मंत्री आप सभी को नगर स्वर्णकार समाज नरसिंहपुर व शुभचिंतको द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की गई ।

### जनसुनवाई में आये 60 आवेदन



**नरसिंहपुर** । कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 26 दिसम्बर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह को अपनी समस्यायें बताई और लोगों ने आवेदन दिये। अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 60 आवेदन आये। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी लोगों के आवेदन लिये और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### बरमान मेला संबंधी बैठक 29 को


**नरसिंहपुर** । कलेक्टर एवं बरमान मेला समिति की अध्यक्ष सुश्री ऋजु बाफना द्वारा बरमान मेला- 2024 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में शुक्रवार 29 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे से बरमानकलां विश्राम गृह में बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी सचिव मेला समिति बरमान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा ने दी है।

### जिले में अब तक हुई धान खरीदी

**नरसिंहपुर** । खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में जिले में 45 उपार्जन केन्द्र पर खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिले में 26 दिसम्बर तक 3040 किसानों से 25533.90 मे. टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसका 55.74 करोड़ रुपये मूल्य है। इसके विरूद्ध 21137.16 मे. टन के स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके हैं एवं 21.28 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के खाते में शासन द्वारा सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

### मदनपुर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

**तेंदूखेड़ा-** विगत दिवस समीपी ग्राम मदनपुर के श्रीरामजानकी मंदिर में अक्षत कलश का पूजन उपरांत ग्राम के मुख्यमार्गों से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रीरामदरबार की झांकी सजाई गई । जोगों द्वारा अपने अपने घरों के सामने के मुख्य मार्गो पर साफ-सफाई कर रंगोली बनाई कलश सजायें तथा शोभायात्रा के साथ चल रही श्रीरामदरबार का पूजन-अर्चन किया गया। उक्त शोभायात्रा में कन्याओं ने कलश रखे साथ ही ग्राम की महिलाओं ने राम-नाम संकीर्तन करते हुए अपनी सहभागिता निभाई। सभी वर्गों के वृद्ध महिलाएं पुरुष बच्चे युवाओं ने लिया बढचढ कर हिस्सा लिया।



# बलिदानियों को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

## वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित









### धर्म की रक्षा के लिये दिया बलिदान

मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिक्ख धर्म गुरू गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोराबर सिंह, बाबा फतेहसिंह के बलिदान दिवस पर स्टेशन गंज स्थित गुरूद्वारा में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्मरण कर याद किया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा यह दिन उनके बलिदान को याद करने के लिए वीर बालदिवस मनाने के रूप मे निर्णय लिया गया था ।

### धर्म रक्षा के लिये दिया बलिदान

बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का पावन अवसर है जिन्होने मुस्लिम आक्रांताओं के खिलाफ आत्मसमर्पण न करते हुए लड़ने का फैसला किया था सिक्ख धर्म गुरू गुरू गोविंद सिंह ने सनातन धर्म की रक्षा के लिये अपने बच्चों सहित परिवार का बलिदान दिया गुरूजी के बच्चों ने छोटी सी उम्र में सनातन धर्म परिवर्तन न करते हुए मृत्यु को स्वीकार किया इससे बड़ा बलिदान कोई दूसरा नही हो सकता। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। चारों साहिब जादों की वीरता आदर्श और बलिदान आज के समय भी भारत मां से प्रेम हेतु हर भारतीय को प्रेरणा व ताकत देती है और रहेगी। कार्यक्रम के दौरान गुरूद्वारा में बच्चों के बीच प्रश्नावली कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

कार्यक्रम को अमितेन्द्र नारोलिया, मनमोहन सलूजा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बलवंत मामा, जनरल सिंह, प्रताप पटेल, सुदर्शन वैद्य, तुलसीराम जाट, प्रदीप नेमा, महाकाल महाराज, लक्ष्मण वैष्णव, विजित सलूजा, कुलदीप खनूजा, लकी खनूजा, रिम्पी लाम्बा,हनी जुनेजा, पवन मुटरेजा, सनी जुबेजा, अमनदीप अरोड़ा, हरप्रीत कौर सहित सिक्ख समाज व अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वीर बाल दिवस कार्यक्रम की श्रखला में चार साहिब जादे फिल्म दिखाने का कार्यक्रम पुरानी गल्ला मंडी, उत्कृष्ट विद्यालय करेली में संगोष्ठी व गाडरवारा में होटल राजवंश में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा द्वारा दी गई।

### बरहटा स्कूल मे वीर बाल दिवस का आयोजन

शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस के आयोजन के दौरान बताया गया कि सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादा फतेहसिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह जी जिन्होंने 26 दिसंबर 1705 को 9 वर्ष और 6 वर्ष की अल्पआयु में अपनी मातृभूमि पर अपने प्राणों की आहुति दी। इन दोनों सपूतों के शौर्य और बलिदान को श्रद्धांजलि देने और उनसे प्रेरणा लेने हेतु विद्यालय स्तर पर वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एसके बक्शी के निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में शिक्षक आशीष विश्वकर्मा,भूपेंद्र लोधी,ओंकार गोस्वामी, प्रीति धुर्वे,गेंदालाल काछी के द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### सीएम राइज स्कूल मे दिखाई गई फिल्म

वीर वाल दिवस पर स्थानीय सी एम राइज विद्यालय नरसिहपुर में छात्र - छात्राओं को वीडियो के माध्यम से बच्चों को वीर जोरावर सिंह,वीर फतह सिंह के पराक्रम एवं शौर्य से संबंधित फिल्म का प्रसारण करते हुए उनके व्यक्तित्व से परिचय कराया गया तथा धर्म रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी गई । जिसे वीर बाल दिवस के रूप मे मानाया जाता है। शिक्षकों तथा बच्चों द्वारा वीरों को श्रद्धांजलि दी गई ।

## गोटेगांव पुलिस को मिली सफलता, मुख्य सरगना फरार

# स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**गोटेगांव।** गोटेगांव पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 हजार कीमत की छह ग्राम स्मैक बरामद करने में सफलता अर्जित की है। कार्रवाई के संबंध में झौतेश्वर चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय ने बताया कि नदी मोहल्ला गाडरवारा निवासी 21 वर्षीय आरती कहार नया बाजार के पास छह ग्राम स्मैक बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल दबिश देकर आरती की तलाशी ली गई। जिसके कब्जे से 60 हजार कीमती स्मैक बरामद की गई।

### रूपयों की लालच में बनी तस्कर

चौकी प्रभारी उपाध्याय ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी आरती ने बताया कि नया बाजार गोटेगांव निवासी महेन्द्र कहार उसको स्मैक लाकर देता था। जिसके बाद वह उसको बेचने का कार्य करती थी। जिसके बदले में उसको महेन्द्र रूपए देता था। पुलिस ने आरोपी आरती के कथनों के आधार पर महेन्द्र पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

एसआई रितु उपाध्याय के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में प्रधान आरक्षक विजय धुर्वे, सागर सोनकर, आरक्षक सचिन, आरक्षक विपिन, महिला आरक्षक वंदना, महिला आरक्षक दिव्यानी सिंह राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

## भौंरपानी बांध बनने से' 'हजारों एकड़ भूमि सिंचित होने के साथ बढ़ जाता जलस्तर

# जल संरचनाओं को मूर्तरूप देने की जरूरत

**तेंदूखेड़ा-** जल संरक्षण और पानी सहेजकर जमीनी जल स्तर बढाये जाने की दिशा में जल संरचनाओं को मूर्तरूप दिये जाने की महती आवश्यकता है।कोरे गाल बजाने और ढिंढोरा पीटकर कागजी घोड़े दौड़ाने की खानापूर्ति, और विभिन्न नदियों पर बांध बनाये जाने की घोषणायें भी खूब की गई है। लेकिन अब इन्हें अमल में लाने की जरूरत है।तेंदूखेड़ा क्षेत्र के साथ हमेशा से चल रहे उपेक्षित नजरिये के कारण वर्षो से आस लगाये बैठे लोगों की जामुनपानी, भौंरपानी, पहाड़ियों के बीच एक जलाशय योजना केवल राजनैतिक इच्छाशक्ति के अभाव में फाइलों में ही दफन हो गई। स्थानीय नागरिकों और सजग वर्ग द्वारा जरुर समय-समय पर यह विषय उठाया गया लेकिन उनकी आवाज भी नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई।भौरपानी जलाशय दो दशक पूर्व से ही पानी की कमी के चलते इसकी उपयोगिता कृषि क्षेत्र के लिए पानी उपलब्ध कराने फिर जमीनी जल स्तर बढ़ाने के लिए दूरदर्शी सोच के साथ यह विषय उठाया गया था। जैसे तैसे संबंधित पीएच ई विभाग के अधिकारियों ने वेमन से जब फाइलें दौड़ाना प्रारंभ की गई तो बीच में वन मंत्रालय का रोड़ा आने फिर उसकी भी मंजूरी मिलने तक समय निकल गया। मंजूरी मिलने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि इस जलाशय के निर्माण होने के उपरांत लगभग 1350 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी दो नहरें भी बनेंगी जिससे आलनपुर ढिलवार और काचरकोना तक की कृषि भूमि को सिंचित किया जा सकेगा।गतिविधी प्रारंभ होने और स्वीकृति के पूर्व ही ऊर्जा विभाग की सिवनी से बीना तक

# शिविरों में ग्रामीणों को केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने कराया पंजीयन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार 26 दिसम्बर को जिले की 6 जनपद पंचायतों में 14 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुये तथा केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने अपना पंजीयन कराया। कई हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किये गये शिविरों में प्रचार रथ के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टालों पर इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों का पंजीयन किया गया और उन्हें जानकारी दी गई। शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सुपला व रानी पिंडरई, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत मानेगांव व मेख, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत देतपोन व अजंदा, जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत पिपरिया लिंगा, खैरी महलपुरा, हिनौतिया व माचामउ, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत पिपरिया व इमलिया- पिपरिया और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत चरगुवां व गुंदरई पहुंची।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट 17 वर्षीय बालक- बालिका प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

जिले में आयोजित 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट 17 वर्षीय बालक- बालिका प्रतियोगिता का समापन सोमवार 25 दिसम्बर को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में किया गया। समापन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी मुख्य अतिथि, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर बंटी सलूजा, सुदर्शन, विद्या प्रताप पटेल, तुलसीराम जाट, आकाश कौरव, अमितेंद्र नारोलिया मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री सोनी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि नरसिंहपुर जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करने का अवसर मिला है। उन्होंने जिले में शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में किए गए सफल आयोजन की सराहना की। खिलाड़ियों को खेल और व्यायाम के साथ संतुलित जीवन के बारे में बताया और उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री सोनी ने कहा कि माइक्रो मैनेजमेंट की सीख मां से लेना चाहिए। पढ़ने- लिखने के साथ- साथ खेलना भी स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। तेंदूखेड़ा विधायक श्री सिंह ने कहा कि खेल में जीत-हार के बीच निराशा को छोड़कर प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने बालक-बालिका वर्ग के विजेता, उपविजेता एवं बालक- बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, स्टेट ऑफिशल, अंपायर को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा खेल ध्वज ससम्मान जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी, जिला क्रीड़ा अधिकारी को सौंपा। कार्यक्रम का संचालन संजय चौबे और आभार व्हालीवाल जोनल सेकेट्री मनीष कटारे ने किया। समापन अवसर पर अतिथियों ने कार्मल बैंड, एमएलबी एवं सीएम राइज स्कूल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने पर उन्हें पुरस्कार दिया। बल्लेबाज में सागर संभाग प्रियांशु पटेल, बॉलर जबलपुर संभाग में विदित सिंह, कीपर नइन अली रीवा संभाग, फील्डर सागर संभाग तनुज, मैन ऑफ द सीरीज एवं मैन ऑफ द मैच भोपाल संभाग के मलय रहे। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ इन्दौर संभाग की बेटिंग ख्याति जैन, बॉलर एवं मैन ऑफ द मैच अनुष्का, कीपर अनवी भरतवाल जबलपुर संभाग, फील्डर एलिना उज्जैन संभाग, मैन ऑफ द सीरीज जान्हवी रीवा संभाग रही।



# हाई स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

तेंदूखेड़ा

गत दिवस शासकीय स्कूलों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर प्रदेश भर में सिखों के गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व वाले दिन से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस तारतम्य में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीदों के शैल्य चित्र माल्यापर्ण के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम में सभी 1 से 12 तक के बच्चों को सम्मिलित कर उनके कार्य, त्याग, बलिदान, आदि की विस्तृत जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। शाला के वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल एवं पुष्पलता पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक है। ष्आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है और उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती । प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि इस देश मैं स्वतंत्रता इतनी आसानी से नहीं मिली है सभी धर्म के लोगों ने अपनी अपनी क्षमता अनुसार अपनी शहादत इस देश के की स्वतंत्रता के लिए निछावर की है हमें आपसी प्रेम व्यवहार के साथ शिक्षा दीक्षा ग्रहण करना चाहिए। प्रेम व्यवहार का वातावरण रखकर सभी के साथ सामंजस्य रख अनुशासन व मर्यादित रहना चाहिए यही हमारी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य भी होता है, उद्बोधन के उपरांत छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस गीत कहानी चुटकुला आदि भी आयोजित कराए गए। कार्यक्रम का संचालन राहुल पाठक ने किया।